CBSE Class–5 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 4. नन्हा फ़नकार

केशव की घंटियाँ

प्रश्न 1. “माशा अल्लाह! ये घंटियां कितनी सुंदर है| तुमने यह खुद बनाई है?”

बादशाह अकबर ने यह बात किसलिए कही होगी-

(क) केशव के काम की तारीफ में

(ख) यह जानने के लिए कि घंटियाँ कितनी सुंदर है

(ग) केशव से बातचीत शुरू करने के लिए

(घ) घंटिया किसने बनाई , यह जानने के लिए

(ङ) क्योंकि उन्हें यकीन नहीं था कि 10 साल का बच्चा केशव इतनी सुंदर घंटियां बना सकता है|

(च) कोई और कारण जो तुम्हें ठीक लगता हो|

उ त्तर- बादशाह अकबर ने यह बात इसलिए कही होगी क्योंकि उन्हें यकीन नहीं था कि 10 साल का बच्चा इतनी सुंदर घंटियां बना सकता है|

प्रश्न 2. केशव पत्थर पर घंटिया तथा कडियां तराश रहा था| उसके द्वारा तराशी जा रही घंटियों और कड़ियों का चित्र अपनी कॉपी में बनाओ| तुम्हे क्या कोई ख़ास इमारत याद आ रही है जिसमें नक्काशी की गई हो| संभव हो तो उसकी तस्वीर चिपकाओ|

उत्तर-





प्रश्न- केशव के पिता गुजरात से आगरा आकर बस गए थे| हो सकता है कि तुम या तुम्हारे कुछ साथियों के माता - पिता भी कहीं ओर से यहां आकर बस गए हो | बातचीत करके पता लगाओ कि ऐसा करने के क्या हो सकते हैं ?

उत्तर- जब किसी को अपने क्षेत्र में रोजगार आदि नहीं मिलता है, तब वह दूसरी जगह जाकर बस जाता है|

कहानी से

प्रश्न 3. अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यों नहीं लगी?

उत्तर- अकबर एक अच्छे राजा थे| वह अपनी प्रजा से मिलते रहते थे इसलिए अकबर को पहरेदारो की दखलंदाजी अच्छी नही लगी|

प्रश्न 4. “लगता है कोई बहुत बड़ा आदमी है,” यहां पर ‘बड़े आदमी’ से केशव का क्या मतलब है?
उत्तर- यहां पर बड़े आदमी से केशव का मतलब है- कोई अमीर आदमी तथा प्रतिष्ठित आदमी|

प्रश्न 5. “खरगोश की-सी कातर आँखें”
पशु पक्षियों से तुलना करते हुए और भी बहुत-सी बातें कही जाती जैसे ‘हिरन जैसी चाल’| ऐसे ही कुछ उदाहरणतुम भी बताओ|
उत्तर-(1) शेर जैसी दहाड़ (2) मोरनी जैसी गर्दन (3) कोयल की आवाज (4) हिरनी-सी चाल (5) हाथी जैसी मतवाली चाल|

प्रश्न 6. अकबर ने जब नक्काशी सीखना चाहा, तो केशव ने उन्हे सन्देहभरी नज़रों से क्यों देखा?
उत्तर- अकबर बहुत बड़े बादशाह थे| जब उन्होंने नक्काशी सीखना चाहा, तो केशव ने उन्हे संदेहभरी नजरों से देखा|

प्रश्न 7. केशव दस साल का है| क्या उसकी उम्र के बच्चों का इस तरह के काम से जुड़ना ठीक है? अपने उत्तर के कारण जरूर बताओ|
उत्तर- केशव दस साल का है| उसकी उम्र के बच्चों का इस तरह के काम से जुड़ना ठीक नहीं है क्योंकि इतनी उम्र के बच्चों को पढाई-लिखाई करने के बाद ही ऐसे काम करने चाहिए|

प्रश्न 8. “केशव बार-बार सबको सुनाता|”
केशव सबसे क्या कहता होगा? कल्पना करके केशव के शब्दों में लिखो|
उत्तर- केशव सबसे कहता होगा कि मुझसे तो बादशाह मिलने आए थे| क्या तुमसे कभी बादशाह मिलने आए है? उन्होंने तो मुझे शाबाशी भी दी है क्योंकि मैंने उन्हें नक्काशी सिखाई थी|

शब्दों की निराली दुनिया
प्रश्न 1.(क) नक्काशी जैसे किसी काम को चुनो(बढ़ईगिरी, मिस्त्री इत्यादि) जिसमे औजारों का इस्तेमाल होता है| उन ख़ास औजारों के नाम पता करके लिखो|
उत्तर- बढ़ईगिरी में प्रयोग होने वाले औज़ार-
आरी –(लकड़ी काटने के लिए)
हथोड़ा -(कील ठोकने के लिए)
रंदा -(लक्सी घिसने के लिए)
जमुर -(कील उखाड़ने के लिए)

(ख) छैनी, हथौड़ा, तराशना, किरचें- ये सब पत्थर के काम से जुड़े हुए शब्द है| लकड़ी के दूकानदार और बढ़ई से बात करके लकड़ी के काम से जुड़े शब्द इकट्ठे करो और कक्षा में उन पर सामूहिक रूप से बातचीत करो| कुछ शब्द हम यह दे रहे हैं| आरी, रंदा, बुरादा, प्लाई, सूत.....|
उत्तर- आरी, रंदा, बुरादा, प्लाई, सूत, कील, हथोड़ी, कड़ी, फट्टा, पेच, सनमाइका आदि|
छात्र स्वयं कक्षा में बातचीत करें|

(ग) हो सकता है के तुम्हारे इलाके में इन चीजों और कामों के लिए कुछ अलग किस्म के शब्द इस्तेमाल होते हों| उन पर भी

बातचीत करो|
उत्तर- छात्र अपने इलाके के लिए इस्तेमाल होने वाले शब्द के आधार पर बातचीत करें|

प्रश्न 2. 'कटाव' शब्द 'कट' क्रिया से पैदा हुआ है| नीचे लिखी संज्ञाएँ किन क्रियाओं से बनी हैं? इन संज्ञाओं का अर्थ समझो और वाक्य में प्रयोग करो|
चुनाव , पड़ाव , बहाव , लगाव
उत्तर-

संज्ञाएँ	क्रिया	वाक्य
चुनाव	चुन	अच्छे फूल का चुनाव कर लो|
पड़ाव	पड़	आज यही पड़ाव दाल लो|
बहाव	बह	नदी का भाव तेज है|
लगाव	लग	पढ़ाई से उसका लगाव है|

प्रश्न 3."लडके ने जल्दी-जल्दी कोई प्राथना बुदबुदाई|"
रेखांकित शब्द और नीचे लिखे शब्दों में क्या अंतर है? वाक्य बनाकर अंतर स्पष्ट करो|
उत्तर- बुदबुदाने का अर्थ है- मन ही मन में कुछ बोलना| जबकि फुसफुसाना, बडबडाना तथा भुनभुनाना में कुछ आवाज़ भी बाहरसुनाई देती है|
बुदबुदाना - नौकर धीरे-धीरे बुदबुदाया|
फुसफुसाना - मंत्री फुसफुसा कर कुछ बोले
बडबडाना - वह क्रोध में बड़बड़ाने लगी
भुनभुनाना - बिना वजह भुनभुनाना ठीक नहीं है|

प्रश्न 4. "बेवकूफ़, खड़ा हो| हुजूरे आला के सामने बैठने की जुर्रत कैसे की तूने! झुककर इन्हें सलाम कर|"
महल के पहरेदार ने केशव से यह इसीलिए कहा, क्योंकि-
(क) बादशाह के सामने बैठ रहें उनका अपमान है|
(ख) पहरेदार यह कहकर अपनी वफादारी दिखाना चाहता था|
(ग) पहरेदार को बादशाह के आने का पता नहीं चला , इसलिए वह घबरा गया था|
(घ) बादशाह का केशव से बात करना पहरेदार को अच्छा नहीं लगा|
उ त्तर- महल के पहरेदार ने केशव से यह इसलिए कहा क्योंकि वह अपनी वफादारी दिखाना चाहता था|